बैठक में यह फैसला किया है कि वे विदेशी छात्रों के मामले में पूर्व सोवियत संघ के साथ हुए समझौतों के समतुल्य समझौतों की पुनः पुष्टि करेंगे तथा नए दस्तावेज तैयार करना शुरू कर देंगे।

पाकिस्तान के साथ परमाणु केन्द्रों की सूची की अदला-बदली

1608. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ परमाणु केन्द्रों की सूची की अदला-बदली की है ;

(ख) इस अदला-बदली की मुख्य बातें क्या हैं और पाकिस्तान अपनी परमाणु शक्ति को बढ़ाने के लिए किन-किन देशों से सहायता ले रहा है; और

(ग) इस संबंध में भारत की प्रतिक्रिया क्या है ?

विदेश मंत्री (श्रीमाधवसिंह सोलंकी) : (क) और (ख) 31 दिसम्बर, 1988 को इस्लामाबाद में भारत और पाकिस्तान के बीच नाभिकीय स्थापनाओं और सुविधाओं पर आक्रमण नहीं करने से सम्बद्ध सम्पन्न हुए करार के अनुसरण में दोनों देशों ने 1 जनवरी, 1992 को करार के प्रावधान के अनुसार नाभिकीय स्थापनाओं और सुविधाओं की सूचियां एक-दूसरे को दीं।

सरकार को यह जानकारी है कि पाकिस्तान ने चीन के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार चीन पाकिस्तान को 300 मे०वा० नाभिकीय शक्ति संयंत्र मुहैया कराएगा। सरकार को यह भी जानकारी है कि पाकिस्तान अपने गुप्त नाभिकीय शस्त्रोन्मुख कार्यक्रम के लिए विभिन्न स्त्रोतों से नाभिकीय तकनीकी और संघटक प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है।

(ग) सरकार ने अनेक अवसरों पर पाकिस्तान के गुप्त नाभिकीय शस्त्रोन्मुख कार्यक्रम के बारे में चिन्ता व्यक्त की है। सरकार ऐसी सभी गतिविधियों पर निरन्तर निगाह रखती है जिनका हमारी सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है और सुरक्षा के लिए उपयुक्त उपाय करती है।

रूसी गणराज्यों की ओर से प्रधानमंत्री को निमंत्रण

1609. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के प्रधान मंत्री को रूस और सोवियत संघ से अलग हुए गणराज्यों की ओर से उन देशों में दौरे का निमंत्रण प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो उनके द्वारा उन देशों का दौरा कब किए जाने की संभावना है ;

(ग) क्या भारत ने रूसी राष्ट्रपति येल्तसिन को कोई निमंत्रण भेजा है ; और

(घ) यदि हां, तो उनकी प्रतिक्रिया क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री माधवसिंह सोलंकी) : (क) और (ख) प्रधानमंत्री को अब तक उज़बेकिस्तान, रूसी महासंघ और कज़ाकिस्तान के राष्ट्रपति से उनके अपने-अपने देश की यात्रा करने के निमंत्रण प्राप्त हुए हैं । इन यात्राओं की तारीखों को राजनयिक सूत्रों के माध्यम से तय किया जाएगा।

(ग) जी हां ।

(घ) राष्ट्रपति येल्तसिन ने भारत यात्रा करने का प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है ।